सराहनीय कार्य जनपद सम्भल पुलिस।

दिनांक – 14.04.2024

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कुलदीप सिंह गुनावत के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में दिनांक 14.04.2024 को कानून व्यवस्था,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी।

चोरी के सामान के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार थाना असमोली-

संक्षिप्त विवरण :- दिनांक 20.03.2024 को वादिनी मुकदमा श्रीमती कमलेश (ग्राम प्रधान) ग्राम मतावली पट्टी जग्गू थाना असमोली में सूचना अंकित करायी कि अज्ञात चोर द्वारा ग्राम सचिवालय से कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, इन्वर्टर बैटरा व कुछ दस्तावेज चोरी कर लिये है, तहरीर के आधार पर थाना असमोली पर सुसंगत धाराओं में मु0अ0सं0 88/2024 पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण :

थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.04.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर मनोटा तिराहा यात्री सैड के पास से दो अभियुक्तों को मुकदमा उपरोक्त की घटना में चोरी गये माल के साथ मनोटा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता -

1. नबाबुल पुत्र दीन मौहम्मद निवासी ग्राम हरथला थाना असमोली जनपद सम्भल,
2. शमशाद आलम पुत्र नबाबजान निवासी ग्राम हादकपुर थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल।

बरामदगी का विवरण-

1. एक कम्प्यूटर सीपीयू रंग काला व सिल्वर जिस पर अंग्रेजी में Nav Tech लिखा है,
2. एक कम्प्यूटर एलईडी रंग काला जिस पर अंग्रेजी में आगे व पीछे BENQ लिखा है,
3. एक बैट्रा रंग सफेद जिस पर अंग्रेजी में V GUARD VJ 145 लिखा है,
4. एक सीसीटीवी कैमरा जिस पर अंग्रेजी में SUNEYE MAKE IN INDIA लिखा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अजीत सिहं थाना असमोली जनपद सम्भल,
2. हे0का0 हरिराम सिहं थाना असमोली जनपद सम्भल,
3. का0 सनोज कुमार थाना असमोली जनपद सम्भल,
4. का0 नितेन्द्र कुमार थाना असमोली जनपद।

चोरी के सामान के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार थाना बहजोई-

दिनांक 13.04.2024 को प्र0नि0 थाना बहजोई श्री सत्येन्द्र सिंह पंवार द्वारा मय पुलिस टीम के मुखबिर की सूचना पर रोडवेज बस स्टैण्ड टीन सैट के नीचे कस्बा बहजोई से अभियुक्त रिंकु पुत्र राजवीर सिंह निवासी सुबोध नगर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा को मु0अ0सं0 129/2022 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी गयी एक अंगूठी पीली धातु के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोतरी की गयी ।

05 पेटी अवैध शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार थाना रजपुरा-

दिनांक 13.04.2024 को है0का0 नवनीत कुमार थाना रजपुरा द्वारा मय पुलिस टीम के मुखबिर की सूचना पर कस्बा गवां से अभियुक्त राजेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी कस्बा गवां थाना रजपुरा जनपद सम्भल को 05 पेटी अवैध देशी शराब व 02 पव्वे अवैध देशी शराब (कुल 227 पव्वे) के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रजपुरा पर मु0अ0सं0 129/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार थाना सम्भल-

मु0नं0 981/15 धारा ¾ जुआ अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त महेश सैनी पुत्र शिवकुमार निवासी बेगम सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल को उ0नि0 श्री विनोद कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया ।